INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VII-2nd Lang.	Department: Hindi	DATE- 23/11/22
Worksheet No: 11	Topic: - संवाद लेखन	Note: Class work -Pl File in portfolio

1. गरमी की छुट्टियों में यात्रा के संबंध में भाई-बहन का संवाद।

केशव – गरमी की छुट्टियों में इस बार हरिद्वार चलेंगे।

शिवानी – नहीं, इस बार मसूरी चलेंगे।

केशव – मसूरी जाकर क्या करेंगे? पिछली बार ही तो गए थे।

शिवानी – हरिद्वार भी तो जा चुके हैं।

केशव – हरिद्वार में उड़न खटोले से मनसा देवी और चंडीदेवी जाने में कितना मज़ा आया था।

शिवानी – हाँ, मज़ा तो मुझे भी आया था। पर मसूरी में पहाड़ों के बीच में जाना अधिक अच्छा लगता है।

केशव – नैनीताल चलते हैं। वहाँ नहीं गए हैं।

शिवानी – हाँ, ठीक कह रहे हो, चलो मम्मी-पापा से भी कहते हैं कि हमें छुट्टियों में नैनीताल ले चलें।

केशव – हाँ, चलो।

प्रश्न-2 दुनिया में 'पेय जल की कमी हो रही है'| इस समस्या को लेकर दो सहेलियों के बीच संवाद लिखिए|

काजल- कुसुम, 'जल ही जीवन है'। इस पर तुम्हारे क्या विचार हैं?

कुसुम- मैं भी मानती हूँ कि जल के बिना जीवन संभव ही नहीं है।

काजल- फिर भी न जाने क्यों लोग जल का अपव्यय कर रहे हैं !

कुसुम- बहन, यह तो चिंता की बात है।

काजल- जल का अपव्यय रोकने के लिए कोई कठोर कानून बनना चाहिए।

कुसुम- मैंने पढ़ा है कि अगर जल इसी तरह कम होता गया तो अगला विश्व युद्ध जल को लेकर हो सकता है।

काजल- सरकार और जनता के सहयोग के बिना यह संकट नहीं टल सकता।

कुसुम- हम छात्रों को भी जनता में जागरूकता फैलानी चाहिए।

काजल- अवश्य, कक्षा में हम अपनी बात कल दृढ़ता से रखेंगे।

कुसुम- हाँ, बिल्कुल ठीक है|

प्रश्न-3 बढ़ते तापमान की समस्या को लेकर दो मित्रों के बीच संवाद लिखिए|

राम – श्याम! आजकल गर्मी बहुत बढ़ गई है।

श्याम – हाँ, राम! ठीक कह रहे हो, बहुत गर्मी है|

राम – आज का तापमान 50 डिग्री है। सोचो,ऐसे ही तापमान बढ़ता रहा तो क्या होगा?

श्याम – तो,हम क्या कर सकते हैं?

राम – हमें कूड़ा-कचरा नहीं फैलाना चाहिए।

श्याम – हाँ! जरूर।

राम – जानते हो? इससे ग्लोबल वॉर्मिंग हो सकता है।

श्याम – फिर तो, हमारा पर्यावरण बहुत ख़तरनाक हो सकता है।

राम – हाँ! इसे रोकने के लिए हमें लोगों को जागरूक करना होगा।

श्याम – हाँ! सही बात है।

****